**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 21.04.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. जनगणना कार्य जनगणना अधिनियम, 1948 के पूर्ण कानूनी समर्थन के तहत कानूनी प्रावधान लागू किए गए हैं।
2. डीब्रेट के इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग विभाग के लिए दो प्रमुख अनुसंधान एवं विकास परियोजनाएं प्रदान की गई।
3. आठवीं राज्य स्तरीय लीग–कम–नाकआउट फुटबॉल प्रतियोगिता की विजेता टीम सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट में द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व करेंगी।
4. चेन्नई से आ रहे जहाज एमवी स्वराजद्वीप के आज दोपहर 12 बजे तक श्री विजयपुरम पहुंचने की संभावना है ।

<><><><><><><>

जनगणना कार्य जनगणना अधिनियम, 1948 के पूर्ण कानूनी समर्थन के तहत मुख्य कानूनी प्रावधान लागू किए गए हैं। इसके अनुसार प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को अपने नियुक्त स्थानीय क्षेत्र की सीमा के भीतर घरों में प्रवेश करने, नंबर लगाने और सभी व्यक्तियों से जनगणना संबंधी प्रश्न पूछने का अधिकार है। जिस व्यक्ति से धारा 8 के तहत कोई प्रश्न पूछा जाता है, वह अपनी सर्वोत्तम जानकारी या विश्वास के अनुसार उसका उत्तर देने के लिए कानूनी रूप से बाध्य है। जनगणना के रिकॉर्ड और डेटा पूरी तरह से गोपनीय होते हैं। इन्हें किसी भी निरीक्षण के लिए नहीं खोला जा सकता और न ही इन्हें अदालत में सबूत के रूप में पेश किया जा सकता है। जनगणना कर्तव्यों के पालन में लापरवाही बरतने पर दंड का प्रावधान हो सकता है।

<><><><><><><>

डॉ. बी. आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान ने इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग विभाग के लिए दो प्रमुख अनुसंधान एवं विकास परियोजनाएं हासिल की है। इसमें पहली परियोजना एआई–आईओटी सक्षम सौर–ऊर्जा संचालित स्मार्ट टेंडर कोकोनट वेंडिंग मशीन है, जिसके लिए भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से DST-TSP योजना के तहत 41 लाख रूपये का अनुदान स्वीकृत किया गया है। यह अनुदान आईआईटी भिलाई इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन के माध्यम से प्राप्त हुआ है। इस परियोजना को एक इनक्यूबेटेड स्टार्टअप के माध्यम से लागू किया जाएगा। इसका मुख्य लक्ष्य द्वीप के जनजातीय नारियल किसानों, युवा उद्यमियों और महिला स्वयं सहायता समूहों की सहायता के लिए मशीन का डिजाइन, विकास और व्यावसायीकरण करना है। दूसरी बड़ी परियोजना अनकन्वेंशनल सुपरकंडक्टिविटी इन मोइरे सुपरलैटिस बियॉन्ड द हनीकॉम्ब लैटिस प्रधानमंत्री अर्ली करियर रिसर्च ग्रांट के तहत ANRF द्वारा स्वीकृत की गई है। इस परियोजना के लिए 40 लाख रूपये का बजट और तीन वर्ष की अवधि निर्धारित है। इसमें एक जूनियर रिसर्च फेलो का प्रावधान भी शामिल है।

<><><><><><><>

विकसित भारत– रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 द्वीपसमूह में ग्रामीण आजीविका को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अप्रैल माह के दौरान, इस कार्यक्रम के तहत दक्षिण अंडमान और निकोबार जिले में विभिन्न विकासात्मक कार्य शुरू किए गए हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए सभी स्तरों पर निरंतर निगरानी की जा रही है। वित्तीय वर्ष के दौरान अधिकतम 'मानव दिवस' सृजित करने के साथ–साथ कार्यक्रम के सभी दिशा–निर्देशों का पालन करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

<><><><><><><>

तटीय सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में कदम उठाते हुए कालीघाट पुलिस थाना की ओर से हाल ही मे ग्राम पंचायत किशोरीनगर में एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में किशोरीनगर, परांगरा, श्रीनगर और कालापहाड़ गांवों के मछुआरों ने भाग लिया। सत्र का मुख्य उद्देश्य मानसून के दौरान अवैध शिकार की गतिविधियों के खिलाफ परिचालन तैयारियों को बढ़ाना था। कार्यक्रम में मछुआरों को समय पर सूचना साझा करने के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। मछुआरों को बाहरी तत्वों के साथ किसी भी प्रकार की वस्तुओं या समुद्री संसाधनों का आदान–प्रदान न करने की चेतावनी दी गई। इस दौरान हाल के सफल एंटी–पोचिंग अभियानों में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए 8 मछुआरों को पुलिस मुख्यालय द्वारा स्वीकृत नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

<><><><><><><>

आठवीं राज्य स्तरीय लीग–कम–नाकआउट फुटबॉल प्रतियोगिता का कल समापन हो गया। नेताजी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए कार निकोबार ने लड़कों के वर्ग में और श्री विजयपुरम ने लड़कियों के वर्ग में खिताबी जीत हासिल की। सत्रह वर्ष से कम आयु वर्ग के लड़कों की श्रेणी में कार निकोबार ने ननकौड़ी को 1–0 से हराकर चैंपियनशिप अपने नाम की। कैंपबेल बे तीसरे स्थान पर रहा। वहीं लड़कियों की श्रेणी में श्री विजयपुरम ने ननकौड़ी के खिलाफ 15–0 की भारी जीत दर्ज कर खिताब जीता और कार निकोबार को तीसरा स्थान मिला। इसके साथ ही विजेता टीम को प्रतिष्ठित सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट में द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला। कार्यक्रम में शिक्षा सचिव एल. कुमार मुख्य अतिथि थे। शिक्षा निदेशक केशव नरेंद्र सिंह ने विजेताओं, को पुरस्कार प्रदान किए।

<><><><><><><>

चेन्नई से आ रहे जहाज एमवी स्वराजद्वीप के आज दोपहर 12 बजे तक श्री विजयपुरम पहुंचने की संभावना है। जहाज में सौ से अधिक यात्री सवार है और इससे कुल 381 मीट्रिक टन माल लाया जा रहा है। जहाज हैडो जेट्टी पर लगेगा।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय ने मिशन वात्सल्य योजना के तहत निदेशालय में संविदा के आधार पर प्रोग्राम ऑफिसर के एक पद पर नियुक्ति की जा रही है। इस पद के लिए साक्षात्कार का परिणाम समाज कल्याण विभाग के नोटिस बोर्ड के अलावा विभाग की वेबसाइट में अपलोड कर दिया गया है।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय में किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 के तहत दक्षिण अंडमान, मध्योत्तर अंडमान और निकोबार जिलों के लिए बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों और किशोर न्याय बोर्ड के सामाजिक कार्यकर्ता सदस्यों की नियुक्ति की जाएगी। इन पदों पर आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि अब 30 अप्रैल शाम 5 बजे तक बढ़ा दी गई है। विभाग ने कहा है कि जिन उम्मीदवारों ने पहले ही अपना आवेदन जमा कर दिया है, उन्हें फिर से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

<><><><><><><>

साउथ प्वाइंट स्थित श्री अरूलमिगु अलईकडल अय्यनार मंदिर में 42वां चित्रा पौर्णमी उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम आज से पहली मई तक चलेगा।

<><><><><><><>

द्वीप समूह की एनसीसी आर्मी इकाई की ओर से शैक्षणिक वर्ष 2025–26 के लिए जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में एनसीसी 'बी' प्रमाणपत्र परीक्षा का आयोजन किया गया। इस पूरी परीक्षा प्रक्रिया का संचालन कमांडिंग ऑफिसर कर्नल के. वाई. सिंह और 1TN गर्ल्स बटालियन एनसीसी की कमांडिंग ऑफिसर मेजर वी. सरन्या के नेतृत्व में किया गया। इस यूनिट के एक कैडेट, एसयूओ अनुज समद्दर का चयन प्रतिष्ठित 172 मद्रास टेरिटोरियल आर्मी बटालियन के लिए हुआ।

<><><><><><><>

मिलिट्री एयरक्राफ़्ट कल फायरिंग अभ्यास करेगा। अभ्यास सुबह दस बजे से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक चलेगा। इस दौरान मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

इनर व्हील क्लब ऑफ अंडमान निकोबार आइलैंड्स द्वारा भारतीय मजदूर संघ और इंडियन डेंटल एसोसिएशन के सहयोग से हाल ही में मुख कैंसर–रोकथाम और जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान दंत चिकित्सकों की टीम द्वारा 100 से अधिक मरीजों की जांच की गई और मुख कैंसर के शुरुआती लक्षणों का परीक्षण किया गया। इस अवसर पर समाज कल्याण निदेशक रवींद्र कुमार मुख्य अतिथि थे। उन्होंने समाज के कमजोर वर्गों के लिए ऐसे शिविर आयोजित करने की आवश्यकता पर बल देते कहा कि लोग अक्सर लक्षण गंभीर होने से पहले चिकित्सीय परामर्श बेहद जरूरी है।

<><><><><><><>